आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 12.12.2024
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- देहरादून में विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो–2024 शुरू।
- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा – एक राष्ट्र–एक चुनाव से देश की जीडीपी में एक से ढ़ेड प्रतिशत तक की वृद्धि होगी।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा – वर्ष 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा।
- राज्य में एक ही परिवार में अलग– अलग नाम से बिजली सब्सिडी का लाभ उठाने वालों से दोगुना जुर्माना वसूला जाएगा।

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस –1

देहरादून में आज से विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो–2024 शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के परेड मैदान में इसका शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सम्मेलन आयुर्वेद के क्षेत्र में परस्पर ज्ञान और सहयोग के अवसरों को सृजित करेगा। इससे आयुर्वेद के क्षेत्र में शोध, विकास और नई खोजों के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्राप्त होगा।

गौरतलब है कि इस बार का आयोजन ''डिजिटल स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक दृष्टिकोण'' विषय पर आधारित है, जो आयुर्वेद को नई तकनीकों से जोड़ने पर जोर देगा। इस चार दिवसीय आयोजन में साढे पांच हजार से अधिक भारतीय और तीन सौ पचास से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो आयुर्वेद और स्वास्थ्य से संबंधित नवीनतम तकनीकों और शोध पर चर्चा करेंगे। इस दौरान, विशेष रूप से, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑगमेंटेड रियलिटी और ब्लॉकचेन जैसी नई तकनीकों को आयुर्वेद के साथ एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस –2

यह आयोजन आयुर्वेद के प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरेगा और इससे भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का वैश्विक प्रचार होगा। इस कार्यक्रम में आज से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय असेंबली का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमे दुनिया भर से विभिन्न देशों के आयुष के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान अमेरिका, ब्रिटेन, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इटली, और अन्य देशों के विशेषज्ञ मिलकर आयुर्वेद के वैश्विक विस्तार के लिए रणनीतियाँ तैयार करेंगे। यह असेंबली न केवल आयुर्वेद की चिकित्सा पद्धतियों के बारे में विचार–विमर्श करेगी, बल्कि पूरी दुनिया में इसके महत्व को और भी प्रगति देगी।

## यातायात प्लान

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के मद्देनजर देहरादून में परेड ग्राउंड के आसपास यातायात और पार्किंग व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विशेष डायवर्ट प्लान लागू किया गया है।

सम्मेलन के दौरान परेड ग्राउंड के चारों ओर सभी प्रकार के वाहनों, ठेलियों और रेहड़ियों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। सम्मेलन स्थल के आसपास जीरो–जोन घोषित किया गया है। वीआईपी और अधिकारियों के वाहन ईसी रोड, सर्वे चौक, रोजगार तिराहा से कान्वेंट तिराहे की ओर जाते हुए वीवीआईपी द्वार से प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले नागरिकों को उनके वाहन पहले से निर्धारित स्थानों पर छोड़ने होंगे। आयुष सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के वाहन रेंजर्स ग्राउंड, मंगला देवी इंटर कॉलेज, काबुल हाउस और दून क्लब के पास पार्क होंगे। धर्मपुर, दर्शनलाल चौक और दून चौक की ओर से आने वाले वीआईपी वाहनों की पार्किंग रेंजर्स ग्राउंड में होगी। विक्रमों के लिए भी डायवर्ट व्यवस्था बनाई गई है। दो नंबर विक्रम सहस्त्रधारा क्रासिंग से वापस भेजे जाएंगे। तीन नंबर के विक्रम तहसील चौक से दून चौक और एमकेपी चौक की ओर भेजे जाएंगे। पांच और आठ नंबर रूट के विक्रम रेलवे गेट से वापस भेजे दिए जांएगे। प्रेमनगर रूट के विक्रम प्रभात कट से वापस भेजे जाएंगे। वहीं आईएसबीटी से राजपुर रोड की ओर जाने वाली सिटी बसें दर्शनलाल चौक से घंटाघर होते हुए राजपुर की ओर जाएंगी। रिस्पना से आने वाली सिटी बसें तहसील चौक से दून चौक और एमकेपी चौक से आराघर को भेजी जाएंगी। रायपुर रोड से आने वाली सिटी बसें सहस्त्रधारा क्रासिंग से सहस्त्रधारा रोड, आईटी पार्क होते हुए राजपुर रोड और घंटाघर से भेजी जाएंगी।

## संवाददाताओं से बातचीत

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ सकती है। एक राष्ट्र–एक चुनाव समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति ने इसकी वकालत करते हुए कहा कि देश के लिए परिवर्तनकारी होगा। श्री कोविंद ने कानपुर में संवाददाताओं को बताया कि देश में राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के लिए एक साथ चुनाव कराना राष्ट्र के हित में है।

इस वर्ष सितंबर में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल को मंजूरी दे दी थी, जिसमें लोकसभा, विधानसभा, शहरी निकायों और पंचायतों के लिए समवर्ती चुनाव को 100 दिनों की समय सीमा के भीतर आयोजित करने का प्रस्ताव था।

## भारत अंतरिक्ष स्टेशन

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि वर्ष 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन भारत अंतरिक्ष स्टेशन होगा, जबकि वर्ष 2040 तक कोई भारतीय नागरिक चांद पर उतरेगा।

नई दिल्ली में सभी विज्ञान मंत्रालयों की उपलब्धियों पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए अंतरिक्ष सुधारों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अवसरों को उजागर किया है। केन्द्रीय मंत्री ने विज्ञान के प्रति बहु–विषयक दृष्टिकोण के लिए सरकार के दृष्टिकोण का भी उल्लेख किया।

मंत्रिमण्डल बैठक

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कल कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनका उद्देश्य प्रदेश के समग्र विकास को गति देना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 22 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें बिजली सब्सिडी, सरकारी कर्मचारियों के वेतन, सहकारी समितियों में महिलाओं की भागीदारी, और किसानों के कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

बैठक में जहां राज्य की समृद्धि के लिए कई योजनाओं को मंजूरी दी गई, वहीं कुछ सख्ती भी बढ़ाई गई। खासकर बिजली उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी के संबंध में निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति परिवार के अलग–अलग नाम पर कनेक्शन लेता है, तो दोगुना सब्सिडी का जुर्माना वसूला जाएगा। मंत्रिमंडल के अन्य फैसलों के तहत राज्य में विकास की नई दिशा तय करने के लिए कई नई योजनाओं की शुरुआत की गई है। इन निर्णयों में विशेष रूप से आवास नीति, ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए कल्याणकारी योजनाएं, और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जैसे अहम प्रस्ताव शामिल हैं। राज्य के प्रमुख सचिव शैलेश बगोली ने कहा कि इन फैसलों से उत्तराखंड में विकास की नींव और मजबूत होगी, और नागरिकों को बेहतर जीवन जीने के नए अवसर मिलेंगे। बैठक में पर्वतीय क्षेत्रों में चिकित्सकों के वेतन वृद्धि योजना को मंजूरी दी गई, और सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष वर्दी भत्ते की स्वीकृति भी दी गई।

तथ्यात्मक रिपोर्ट

नैनीताल झील में एक नाले के जरिए बड़ी मात्रा में सीवर डिस्चार्ज प्रकरण में एक संयुक्त कमेटी स्थलीय निरीक्षण कर एक माह के अंदर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपेगी। इस प्रकरण में राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा गठित कमेटी में आयुक्त कुमाऊँ मण्डल, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शामिल किया गया है। वहीं, कुमाऊँ मंडल आयुक्त को समन्वय और अनुपालन के लिए नोडल प्राधिकारी भी बनाया गया है।

सुविधा विकास

हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। क्षेत्र में एयरपोर्ट से लेकर स्टेडियम और रेलवे स्टेशन तक सभी सड़कों के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण का काम तेजी के साथ चल रहा है।

इसी कड़ी में प्रशासन ने अतिक्रमण का चिह्निकरण कर लोगों को अगले पन्द्रह दिन में इसे स्वयं हटाने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के मद्देनज़र सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

दुर्घटना

उधम सिंह नगर के रुद्रपुर हल्द्वानी रोड पर संजय वन के पास हुए सड़क दुर्घटना में कार सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में कार में सवार अन्य चार लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर को देखते हुए उसे हायर रेफर किया गया है।